# इन्वेस्ट यूपी ने यूपी में खेल सामान निर्माण को बढ़ावा देने हेतु स्टेकहोल्डर के साथ किया संवाद

**लखनऊ, 27 अगस्त 2025:** उत्तर प्रदेश को खेल सामग्री निर्माण का एक वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में **इन्वेस्ट यूपी** ने आज खेल विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े प्रमुख हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य उद्योग की चुनौतियों और विकास के अवसरों का आकलन कर प्रदेश को खेल सामान निर्माण का हब बनाना था।

इस महत्त्वपूर्ण मंथन में स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स उद्यमियों, **खेल सामान** निर्माताओं, फिक्की सहित प्रमुख औद्योगिक संगठनों और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य केंद्र मेरठ के सुस्थापित खेल निर्माण आधार की क्षमता व संभावना का लाभ उठाते हुए इसे राज्य के अन्य हिस्सों में नए औद्योगिक क्लस्टर्स को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।

हितधारकों ने इस क्षेत्र को एक संगठित, वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सुव्यवस्थित लॉजिस्टिक्स और लक्षित नीतिगत समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने राज्य के रणनीतिक लाभों पर प्रकाश डाला, जिसमें **विशाल उपभोक्ता आधार** और औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 जैसी प्रगतिशील औद्योगिक नीतियां शामिल हैं। उन्होंने यूपी एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल और इंडिया 500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 के साथ ही **ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस** के माध्यम से निवेशक सुविधा पर भी बल दिया।

इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा, "मेरठ के पास स्पोर्ट्स गुड्स विनिर्माण का आधार है—अब हमें **बेहतर बुनियादी ढांचे और निवेश प्रोत्साहन** के माध्यम से उत्तर प्रदेश को खेल सामान के निर्माण और निर्यात के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने पर बल देना होगा।"

इस संवाद का एक प्रमुख आकर्षण दीर्घकालिक खेल सामान निर्माण के विकास को गति देने के लिए चुनौतियों और अवसरों पर उद्योग जगत से सुझाव आमंत्रित करना था। हितधारकों से प्राप्त इनपुट राज्य के **$1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था** बनने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियमों, खेल विश्वविद्यालयों और 150 से अधिक ब्लॉक-स्तरीय मिनी स्टेडियमों के साथ, उत्तर प्रदेश खेल सामग्री, फिटनेस उपकरण और सुविधा प्रबंधन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। मजबूत संस्थागत समर्थन और सक्रिय उद्योग सहयोग के साथ, राज्य खेल नवाचार और निर्यात में अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने के लिए तैयार है।

इस बैठक में खेल सामान निर्माताओं, फिक्की सहित प्रमुख औद्योगिक संगठनों और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स उद्यमी जैसे अनमोल महाजन (मेटकोस्पोर्ट्स), तहसीन जाहिद (खेल, पीई, फिटनेस और अवकाश कौशल परिषद - कौशल विकास मंत्रालय), जय श्रीवास्तव और कनिष्क पांडे (फिक्की), सुष्टि सक्सेना (साई स्पोर्ट्स), धनंजय तेवथिया (नवीन ग्रुप स्पोर्ट्स), हिमांशु मेहता (जेकेसी स्पोर्ट), जागृति (एनईएस वाटर स्पोर्ट्स) और संजय कुमार (भल्ला इंटरनेशनल) शामिल हुए।

-----------------------------------